>

Title: Need to restore passengers facilities at Dhanbad, Chandrapura and Phusaro Railway Stations in Jharkhand.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह): धनबाद में वी.आई.पी. गेट बंद किया जाना, चन्द्रपुरा में पैदल यात्रियों का प्रवेश बंद किया जाना और फुसरो मे रेल समपार को बंद किये जाने के संबंध में मामला 16.11.2010 को मेरे द्वारा नियम 377 के तहत उठाया गया था और इस संबंध में अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड और अन्य शीर्ष रेल अधिकारी के समक्ष मामले पर चर्चा की गई और कई पत्रों के माध्यम से रेलवे द्वारा प्राप्त उत्तर के संबंध में बोधगम्य पत्र भेजा गया। चन्द्रपुरा में छः लाइनें काफी पूर्व से अवस्थित हैं।

अतः सरकार से आग्रह है कि यात्री सुविधा बहाल करने के लिए त्वरित कार्रवाई की जाए।